टी शर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद के गृह विज्ञान विभाग द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 14 अगस्त 2023 को टी शर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्राध्यापिका श्रीमती तनु रानी की अध्यक्षता में किया गया। इस प्रतियोगिता में 24 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान पर बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा जया रही। द्वितीय स्थान पर बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा स्नेहा रही और तृतीय स्थान पर द्वितीय वर्ष की छात्रा नैना रही। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉक्टर सीमा दलाल और डॉक्टर नीलम रानी ने निभाई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर पूनम मोर ने विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने से हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका श्रीमती अंजलि, गृह विज्ञान विभाग की इंचार्ज डॉ अंशु और कुमारी सरिता मौजूद रहे।



टी-शर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता में जया प्रथम

हिन्दू कन्या कॉलेज में गृह विज्ञान विभाग की ओर से स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में टी शर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्राध्यापिका तनु रानी की अध्यक्षता में किया गया। प्रतियोगिता में 24 छात्रों ने भाग लिया। इसमें प्रथम स्थान पर बीए द्वितीय वर्ष की जया, द्वितीय स्थान पर बीए द्वितीय वर्ष की स्नेहा और तृतीय स्थान पर द्वितीय वर्ष की नैना रहीं। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सीमा दलाल और डॉ. नीलम ने निभाई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम मोर ने छात्रों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।